2

न्यायालय उप जिला कलक्टर एवं उप जिला मजिस्ट्रेट गंगापुर सिटी

जिला सवाई माधोपुर

पीठासीन अधिकारी—श्री बृजेन्द्र मीना, आर0ए0एस0

मुकदमा नम्बर	तारीख रजू	तारीख निर्णय
04/2025	05.12.2025	21.04.2026

जीतराम पुत्र कन्हैया, माली निवासी मालियो की चौकी तह0 तलावडा —प्रार्थी

बनाम

1. लैण्ड होल्डर जरिए तहसीलदार तलावडा
2. गोपाल पुत्र कन्हैया, माली नौगांव तह0 तलावडा
3. चन्द्रकलॉ पुत्री कन्हैया, माली नौगांव तह0 तलावडा
4. चरन पुत्र सोना, माली नौगांव तह0 तलावडा
5. पृथ्वीराज पुत्र कन्हैया, माली नौगांव तह0 तलावडा
6. पांचू पुत्र सोना, माली नौगांव तह0 तलावडा
7. मूल्या पुत्र सोना, माली नौगांव तह0 तलावडा
8. रज्जोदेवी पत्नी कन्हैया, माली नौगांव तह0 तलावडा
9. रामस्वरूप पुत्र मोज्या, माली नौगांव तह0 तलावडा
10. हंशोराम पुत्र मोज्या, माली नौगांव तह0 तलावडा
11. हरिराम पुत्र कन्हैया, माली नौगांव तह0 तलावडा

—अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू—राज0 अधिनियम

उपस्थित :— श्री तरूण कुमार शर्मा, एडवोकेट, प्रार्थी की ओर से

निर्णय

प्रार्थी ने प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 128 राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम इस आशय का प्रस्तुत किया है कि प्रार्थी की खातेदारी की भूमि ख0न0 244, 245, 246, 247, 248, 431, 432, 433, 434, 435 ग्राम नौगांव तह0 तलावडा मे स्थित है। उपरोक्त वर्णित भूमि की प्रार्थी ने सुरक्षा की दृष्टि से मिट्टी की डौलमेड बनाई हुई है बरसात के दिनों मे डौलमेड के नष्ट हो जान के कारण आस पास के काश्तकारों से आये दिन सीमा को लेकर विवाद होता रहता है। प्राथी द्वारा दिनांक 9.10.2019 को सीमाज्ञान भी करवाया जा चुका है। अतः प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर निवेदन है कि प्रार्थी की खातेदारी भूमि ख0न0 244, 245, 246, 247, 248, 431, 432, 433, 434, 435 ग्राम नौगांव तह0 तलावडा की पत्थरगढी करवाये जाने हेतु तहसीलदार तलावडा को आदेश फरमाये जावें।

प्रार्थना पत्र के समर्थन में प्रार्थीगण ने नकल जमाबंदी सं0 2073 से 2076 खाता संख्या 336 ग्राम नौगांव, फोटोकोपी सीमाज्ञान रिपोर्ट दिनांक 2.11.2019 प्रस्तुत किए हैं।

Signature Not Verified
Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:47:05 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज0)

(3)

(2)

प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को तलब किया गया। अप्रार्थीगण बाबजूद सूचना हाजिर अदालत नही हुए इसलिए अप्रार्थीगण के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही की गई।

वकील प्रार्थी को सुना गया।

बहस पर मनन किया। पत्रावली पर उपलब्ध अभिलेख का अवलोकन किया। प्रार्थी भूमि ख0न0 244, 245, 246, 247, 248, 431, 432, 433, 434, 435 ग्राम नौगांव तह0 तलावडा की पत्थरगढी कराना चाहता है तथा प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत नकल जमाबंदी संवत 2073–76 खाता संख्या 336 ग्राम नौगांव मे उपरोक्त वर्णित भूमि प्रार्थी की सहखातेदारी की भूमि है तथा प्रार्थी द्वारा उक्त भूमि के सीमाज्ञान की रिपोर्ट भी प्रस्तुत नही की है। अतः भूमि सहखातेदारी मे दर्ज होने के कारण तथा भूमि की सीमाज्ञान की रिपोर्ट प्रस्तुत नही किये जाने के कारण प्रार्थी का प्रार्थना पत्र 128 एलआर एक्ट खारिज किया जाना उचित है।

आदेश

अतः उपरोक्त विवेचन के अनुसार भूमि ख0न0 244, 245, 246, 247, 248, 431, 432, 433, 434, 435 ग्राम नौगांव तह0 तलावडा सहखातेदारी की भूमि होने के कारण प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत 128 एलआर एक्ट अस्वीकार किया जाकर खारिज किया जाता है।

पत्रावली फैसलशुमार होकर नम्बर से कम हो एवं बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो।

निर्णय आज दिनांक 21.05.2026 को खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(बृजेन्द्र मीना)
उप जिला कलक्टर
गंगापुर सिटी

उपखण्ड अधिकारी
गंगापुर सिटी (राज०)

उप जिला कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट (राज०) सत्यमेव जयते गंगापुर सिटी (राज०)

Signature Not Verified

Digitally signed by Brijendra Meena
Date: 2026.05.20 16:07:05 IST
Reason: SelfAttested